# ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल में वयस्कों के अपेक्षित व्यवहार

## फुटबॉल में वयस्कों से अपेक्षित व्यवहार क्या हैं?

फुटबॉल में कुछ वयस्क बाल सुरक्षा नीतियों, प्रक्रियाओं और आचरण संहिता से बाध्य होते हैं, किंतु माता-पिता और देखभालकर्ताओं समेत **सभी वयस्कों** से बच्चों और युवा लोगों को फुटबॉल में सुरक्षित रखने में अपनी-अपनी भूमिका निभाने की उम्मीद की जाती है।

**किसी भी माता/पिता, देखभालकर्ता या परिवार के वयस्क सदस्य के असुरक्षित (और कुछ मामलों में, अवैध) माने जाने वाले किसी भी व्यवहार को AFL, क्लब, लीग, संगठन या यहाँ तक कि पुलिस द्वारा भी संबोधित किया जाएगा।**

इस सूचना पत्रक का उद्देश्य आपको केवल इस बारे में निर्देश प्रदान करना नहीं है कि **आपको** कैसे व्यवहार करना चाहिए, बल्कि यह आपको इस बारे में भी सूचित करता है कि **अन्य वयस्कों** को कैसे व्यवहार करना चाहिए, ताकि यदि आपके ध्यान में कुछ ऐसा आए जो सही नहीं लगता है, तो आप उसके बारे में बता सकें।

आपकी यह जिम्मेदारी है कि आप फुटबॉल में न केवल अपने बच्चों के लिए किंतु सभी बच्चों और युवा लोगों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी माहौल बनाने में योगदान दें।

## परिभाषाएँ

**बच्चा/बच्ची:** फुटी में शामिल 12 वर्ष या इससे कम आयु का कोई व्यक्ति – सामान्य रूप से यह एक खिलाड़ी होता है, लेकिन खिलाड़ी का भाई-बहन या क्लब में शामिल वयस्क का बच्चा/बच्ची भी हो सकता है।

**युवा व्यक्ति:** फुटी में शामिल 13 और 18 वर्ष की आयु के बीच का कोई व्यक्ति – सामान्य रूप से यह एक खिलाड़ी होता है, लेकिन यह व्यक्ति अंपायर या क्लब में किसी अन्य भूमिका में शामिल व्यक्ति, या खिलाड़ी का भाई-बहन या बच्चा/बच्ची भी हो सकता है।

**वयस्क:** फुटी में शामिल 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई व्यक्ति – यह कोच, प्रबंधक, अंपायर, क्लब का अधिकारी, AFL स्टाफ का सदस्य, स्वयंसेवक, और/या माता/पिता हो सकता है।

यह **पता लगाएँ** कि क्या ठीक है

जो सही है, वह **करें**

जब आपके ध्यान में कुछ आए, तो **कार्यवाही करें**

**सभी वयस्कों से यह सुनिश्चित करने की उम्मीद की जाती है कि ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल में बच्चे और युवा लोग हमेशा सुरक्षित और स्वागतमय महसूस करें**

## ठीक है

### संपर्क

शारीरिक स्पर्श, जो फुटबॉल के लिए सामान्य है और अन्य लोगों के सामने तथा बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति की सहमति के साथ होता है।

इसमें खेल में भिड़ने (टैकल करने), कुशलताएँ और तकनीकें दिखाने, चोट लगने से रोकने, या उन्हें सुरक्षित रखने, अथवा हाई फाइव्स या जीत की खुशी मनाने के लिए पीठ थपथपाने जैसे कारणों की वजह से शारीरिक स्पर्श शामिल हो सकता है।

### संचार

सकारात्मक, उपयोगी, और व्यक्तिगत रूप से बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति के बजाय उनके फुटी के खेल पर ध्यान केंद्रित करने वाला मार्गदर्शन।

शांत और विनम्र भाषा, जिसे वे आसानी से समझ सकें।

ऑनलाइन संचार, जिसमें माता/पिता या देखभालकर्ता के रूप में आप शामिल हैं या जिसका उपयोग पूरी टीम के साथ किया जाता है।

### सीमाएँ

जब किसी की सीमाएँ सुरक्षित या अच्छी होती हैं, तो इसका मतलब है कि:

- उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि बच्चे या युवा व्यक्ति अपनी भूमिका को समझते हैं
- वे पेशेवर तरीके से व्यवहार करते हैं – दोस्ताना, लेकिन दोस्त नहीं
- वे टीम में सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करते हैं
- वे नियमों का पालन करते हैं, जैसे बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति के बारे में जानकारी साझा करना, या उनकी अनुमति और आपकी अनुमति से ही उनकी फोटो खींचना और केवल तभी, जब यह फुटबॉल के संबंध में हो
- वे अपनी जिम्मेदारी के तहत आने वाले बच्चों और युवा लोगों के आस-पास होते समय हमेशा उचित व्यवहार करते हैं।

### निगरानी

जो वयस्क फुटबॉल में बच्चों और युवा लोगों की निगरानी के लिए जिम्मेदार होते हैं, उन्हें:

- हमेशा यह पता होना चाहिए कि बच्चे और युवा लोग हर समय कहाँ हैं
- बाथरूम या चेंजरूम का उपयोग करने के लिए उन्हें निजता देनी चाहिए, लेकिन फिर भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सुरक्षित हैं
- जब तक उन्हें एकत्र न कर लिया जाए, तब तक उनके साथ प्रतीक्षा करनी चाहिए
- उन्हें केवल तभी लिफ्ट देने का प्रस्ताव करना चाहिए, जब उनके पास लाइसेंस हो और उनकी कार बीमाकृत हो, लिखित सहमति प्रदान की गई हो (जहाँ संभव हो) और क्लब में अन्य किसी व्यक्ति को इसके बारे में पता हो।

## ठीक नहीं है

### संपर्क

ऐसा कोई भी स्पर्श, जिसके लिए बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति की सहमति नहीं है, या जिससे उन्हें असहज महसूस होता है।

ऐसा कोई भी स्पर्श जो यौन प्रकृति का महसूस होता है, जिसमें बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति के गुप्तांग शामिल होते हैं, या जिससे उन्हें शर्मिंदगी महसूस होती है।

ऐसा कोई भी स्पर्श जो निजी स्थान में होता है, जैसे चेंजरूम या कार में।

### संचार

ऐसी कोई भी भाषा या संचार, जो बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति को असहज, चिंतित, भयभीत या शर्मिंदा महसूस कराता है।

ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप में यौन या निजी प्रकृति कि कोई भी टिप्पणी।

आपके साथ ऐसा कोई भी संपर्क, जो फुटी से संबंधित गतिविधियों के बाहर (जैसे देर रात में) होता है, निजी चैट प्लेटफॉर्मों (जैसे सोशल्स या टेक्स्टिंग) के माध्यम से होता है, सीमा के पार या अत्यधिक होता है, अथवा व्यक्तिगत बातों के बारे में होता है, जिनका फुटबॉल से कोई लेना-देना नहीं है।

### सीमाएँ

जब किसी की सीमाएँ असुरक्षित या खराब होती हैं, तो इसका मतलब है कि:

- वे किसी एक व्यक्ति की तरफदारी करते हैं, उसके साथ अलग व्यवहार करते हैं या उसे विशिष्ट महसूस कराते हैं
- वे बच्चों, युवा लोगों या उनके परिवारों की ओर से उपहार स्वीकार करते हैं या उन्हें उपहार देते हैं, जब तक कि इन्हें पक्षपातहीन तरीके से वितरित न किया जाए और पूर्व सहमति प्राप्त न की जाए
- फुटबॉल से संबंधित गतिविधियों के बाहर बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति और/या उनके परिवार के साथ संपर्क करते हैं, जिसमें सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क भी शामिल है, जब तक कि पहले से ही स्थापित संबंध मौजूद न हो (परिवार या दोस्त) और उस संपर्क के रूप में कोई सीमाएँ न पार की जाएँ
- बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति और उसके परिवार के लिए ऐसी बातों में सहायता प्रस्तुत करते हैं, जो उनकी भूमिका से परे है (घर के काम-काज में सहायता करना / पैसे देना / सामान खरीदना)
- फुटबॉल में युवा लोगों के सामने एल्कोहल या मादक-पदार्थों का सेवन करते हैं, अपशब्दों का प्रयोग करते हैं या धूम्रपान करते हैं।

### निगरानी

जो वयस्क फुटबॉल में बच्चों और युवा लोगों की निगरानी के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें:

- अपने फोन या अन्य लोगों के कारण विचलित नहीं होना चाहिए
- छोटे बच्चों द्वारा बाथरूम का उपयोग करने से पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए वहाँ कोई खतरे नहीं हैं
- किसी बच्चे/बच्ची या युवा व्यक्ति को कभी भी अकेला नहीं छोड़ना चाहिए, भले ही उनको पिक अप करने में माता/पिता/देखभालकर्ता को देरी हो जाए
- अपनी कार को तेजी से चलाकर, अथवा एल्कोहल या मादक-पदार्थों के प्रभाव में होते हुए, या बिना अनुमति के युवा लोगों को गाड़ी में नहीं ले जाना चाहिए।

## ठीक है

### परिवेश

फुटबॉल में बच्चों और युवा लोगों के लिए सुरक्षित परिवेश इस प्रकार से दिखाई देता है कि:

- वह अलग-अलग पृष्ठभूमियों और क्षमताओं के लोगों के लिए सुलभ जगह है और इसका उपयोग करने में वे सहज महसूस करते हैं
- वे बच्चों और युवा लोगों के भाग लेने के लिए मजेदार और सुरक्षित फुटबॉल यात्राएँ हैं
- वे ऐसे शिविर हैं, जहाँ बच्चों या युवा लोगों को निजता दी जाती है, उन्हें स्वागतमय महसूस कराया जाता है और जब उन्हें अपने घर के साथ संपर्क करने की ज़रूरत हो, तो वे ऐसा कर सकें
- मैदानों में कपड़े बदलने की सुविधाएँ हैं, जो किसी भी लिंग के लिए उपयुक्त हैं
- वे ऐसे ऑनलाइन स्थल हैं, जहाँ खुला और पारदर्शी संचार होता है और जिसकी निगरानी अन्य वयस्क कर सकते हैं।

## ठीक नहीं है

### परिवेश

फुटबॉल में बच्चों और युवा लोगों के लिए असुरक्षित परिवेश इस प्रकार से दिखाई देता है कि:

- वह विकलांगता-ग्रस्त बच्चों और युवा लोगों के उपयोग के लिए मुश्किल जगह है या जहाँ अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों से आने वाले लोगों को अपना बहिष्कार महसूस होता है
- वे ऐसी फुटबॉल यात्राएँ या गतिविधियाँ हैं, जिनमें एल्कोहल या मादक-पदार्थ शामिल होते हैं और जो आसानी से हाथ से निकल जाती हैं तथा जहाँ बच्चों और युवा लोगों पर किसी भी वयस्क द्वारा ध्यान नहीं रखा जाता है
- वे ऐसे शिविर हैं, जहाँ बच्चों और युवा लोगों को दंडित या अपमानित किया जाता है या उन्हें घर की याद दिलाई जाती है और असहज महसूस कराया जाता है
- वे मैदानों में कपड़े बदलने की ऐसी सुविधाएँ हैं, जहाँ कोई निजता नहीं होती है और जहाँ बच्चों, युवा लोगों और पारलिंगी या गैर-बाइनरी के रूप में अपनी पहचान करने वालों को असुरक्षित महसूस होता है
- वे ऐसे ऑनलाइन स्थल हैं, जहाँ एक-के साथ-एक संचार होता है और इसे फुटबॉल से असंबंधित अनुचित सामग्री को साझा करने के लिए किया जाता है।

## अपनी आवाज उठाएँ

यदि आपने किसी बच्चे या युवा व्यक्ति के साथ सीधे बात नहीं की है लेकिन आपको इस बात का **संदेह** है कि कुछ सही नहीं है, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी आवाज उठाएँ।

**आप:**

फुटबॉल में किसी ऐसे व्यक्ति के साथ सीधे बात कर सकते/सकती हैं, जिस पर आपको भरोसा है, जैसे कोच, टीम का प्रबंधक, अंपायर, अधिकारी या क्लब का प्रतिनिधि।

अपनी चिंताओं को लिखें और उन्हें ईमेल या पत्र के माध्यम से अपने क्लब या संगठन के पास भेजें।

AFL के समक्ष चिंता को प्रकट करने के लिए इस क्यूआर कोड का उपयोग करें।

**सुरक्षा के बारे में किसी भी पूछताछ के लिए childsafety@afl.com.au पर ईमेल भेजें।**

**हमेशा की तरह ही, यदि किसी को तत्काल खतरा है तो पुलिस से 000 पर संपर्क करें।**

**याद रखें, हम चाहते हैं कि फुटबॉल में सभी बच्चे और युवा लोग सुरक्षित रहें, सुरक्षित महसूस करें, सुरक्षित रूप से खेलें।**